तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

12 बालिका पीएमटी छात्रावास का विधिक...



12 सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में मुख्यमंत्री...





## खबर संक्षेप



### संकुल कोंडे में नवोदय कोचिंग क्लास शुरू

**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय नवोदय कोचिंग क्लास का शुभारंभ संकुल प्राचार्य के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में गरिमा और उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर संकुल कोंडे के अंतर्गत समस्त विद्यालयों के शिक्षकगण तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडे का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा।

### टंडा, मंडा, कुंडा पर की गई कार्यशाला



**दुर्गुकोंदल।** रायताराड़ विद्या केतूल दमकसा में टंडा, मंडा, कुंडा पेन मंडा के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कहा गया कि प्रमुख व्यवस्था ठंडा, मंडा, कुंडा, पेन मंडा है। इसी से हम जाने जाते हैं। इस व्यवस्था का संरक्षण जरूरी है। इस कार्यशाला में परमाह मुदिया मंडा, उसेहमुदिया मंडा, खड़का बुढ़ा मंडा, काड़ाहुर्रा मंडा, हेमूलबुढ़ा मंडा, पोड्दगुम्मो मंडा के प्रमुख लोग उपस्थित हुए।

### जहर खाने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत अंतागढ़ निवासी 51 वर्षीय अनिल यादव ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से अनिल यादव की 22 सितंबर की रात सवा 10 बजें मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### गंगानगर में शराब कोचिया को दबोचा

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए गंगानगर मुक्तिधाम के पास से शराब कोचिया अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 50 वर्षीय राज कुमार रवानी के कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी राज कुमार रवानी 5 अक्टूबर को दोपहर ढाई बजें अपने कब्जे में 9 पौवा मसाला शराब और 8 पौवा देशी प्लेन शराब को रखा हुआ था। बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब कीमती 1 हजार 540 रूपएं व नगद 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सांसद निधि से जिले को मिले 34 लाख 79 हजार

**कांकेर।** सांसद की अनुशंसा पर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने सांसद निधि से विकासखण्ड कांकेर के ग्राम हाटकोंगेरा में कलार समाज भवन के पास टीना शेड के लिए 10 लाख, सांस्कृतिक भवन के पास भंडारीपारा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु 04 लाख 94 हजार रुपए, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला के पास कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत केंवटी में केंवटी शिक्षण समिति सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के पास कक्ष निर्माण के लिए 09 लाख 85 हजार 04 सौ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया।

# ईसाई धर्म का प्रचार करने वाली आंगनबाड़ी सहायिका को हटाने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम बोटेचांग में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका कुंति साहू के विरुद्ध ग्रामीणों ने विरोध का मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए उनको हटाने की मांग किया है। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की भी धमकी दिया है। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने पहुँचे ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका कुंति साहू आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों से ईसा मसीह की जय बुलवाती हैं तथा केंद्र में ईसाई धर्म का प्रचार करती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह कार्य ग्राम की पारंपरिक आस्था और आदिवासी संस्कृति के विरुद्ध है। ग्रामीणों का कहना था कि आंगनबाड़ी जाने वाले बच्चों ने अपने घरों में जब बताया और गांव में बात फैली, इस पर गांव वालों ने नाराजगी व्यक्त किया और विभाग से मांग किया कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त सहायिका के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए और केंद्र में ऐसी व्यक्ति की नियुक्ति की जाए जो समाज की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करे। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते कहा कि विभाग ने इस मामले में जल्द निर्णय नहीं लिया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लगा दिया जाएगा। विभाग हमारी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए संस्था से हटाकर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएं। विभाग ने हमारे मामले को गंभीरता से नहीं लिया, तो ग्रामीण नाराज होकर सड़क पर उतरते है, तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

**पारंपरिक आस्था और आदिवासी संस्कृति के विरुद्ध**




### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

जिला महिला बाल विकास अधिकारी विपिन जैन से इस विषय पर बातचीत किया तो उनका कहना है कि हमारे विभाग के पास अभी तक जानकारी नहीं आई है। विभाग के पास जानकारी मिलते ही जाँच करवाकर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

**समस्या :** बारिश में स्कूल के बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी को करते हैं पार

# अतिसंवेदनशील गांव रावस में हटकुल और बंजारी नदी पर पुल की उठी माँग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले के नरहरपुर विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत रावस गाँव के बीच बहने वाली हटकुल नदी और बंजारी नदी पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन आज तक यह मांग अधूरी है। नतीजतन, बरसात के मौसम में ग्रामीणों एवं खासकर स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ग्राम पंचायत रावस से आमागुहन चौक तक जाने वाले मार्ग में हटकुल नदी पड़ती है, जहां पुल न होने के कारण पानी बढ़ते ही लोगों का संपर्क टूट जाता है। यही हाल बंजारी नदी का भी है। हर साल बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने से लोग कई दिनों तक गांव में ही कैद हो जाते हैं। ग्राम के सरपंच शिवलाल मंडावी और वार्ड पंच महेश यादव ने बताया कि पुल निर्माण की मांग को लेकर उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा हमने बार-बार विभाग को आवेदन दिया, अधिकारियों और नेताओं से मुलाकात किया, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला। बारिश के दिनों में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, बुजुर्ग और बीमार लोग अस्पताल नहीं पहुंच पाते। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुल नहीं बनाया गया, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है कि जल्द से जल्द दोनों नदियों पर पक्के पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि गांव का संपर्क सुरक्षित रहे और बच्चों की शिक्षा बाधित न हो।

**खास बातें**

- बारिश में गांव के लोगों का आना जाना हो जाता है बंद, होते हैं परेशान
- बारिश में बीमार होने पर खाट पर डालकर मरीजों को नदी पार करनी पड़ती है



### बच्चों की जान पर बन आती है हर बरसात

गांव के बच्चों के लिए यह समस्या सबसे ज्यादा विकराल है। बारिश में जब नदी उफान पर होती है, तब उन्हें जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चे नदी के तेज बहाव में फिसलने से बाल-बाल बचे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई माता-पिता डर के कारण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से रोक देते हैं। परिणामस्वरूप, बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ता है।

### मरीजों को होती है दिक्कत

बारिश के दिनों में रावस गांव का कोई भी बुजुर्ग बीमार हो जाता है तो सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। उसे खाट में डालकर कंधे पर खाट को लादकर नदी पार करना पड़ता है, इस समय नदी में बहने को लेकर खतरा मंडराता रहता है। नदी पार करने के बाद ही उसे बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेज पाते है। ऐसी समस्या को देखते हुए इस नदी पर पुल बनाना बहुत जरूरी हो गया है।

### विकास की दौड़ में पिछड़ता रावस

नरहरपुर विकासखंड का यह अतिसंवेदनशील ग्राम रावस विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित है। भौगोलिक रूप से यह इलाका दुर्गम और वनाच्छादित है। शासन की कई योजनाएं यहाँ तक पहुँचने से पहले ही थम जाती हैं। पुल निर्माण की कमी से यहाँ के लोगों को आज भी आवागमन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

# आर आई के घर से जेवर समेत पौने दो लाख चोरी अज्ञात चोर की तलाश


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 13 रामकृष्णपल्ली के सूने मकान में अज्ञात ने धावा बोलते हुए घर में रखे नगद व सोने के जेवरो समेत 1 लाख 76 हजार 400 रूपएं की चोरी कर फरार हो गया। घटना के दौरान परिवार के सभी लोग घर में ताला लगाकर निजी काम से बाहर गए हुए थे। घर वापस लौटने पर उन्हे चोरी की जानकारी हुई। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 13 रामकृष्णपल्ली पखांजुर निवासी 44 वर्षीय शुभंकर मालाकार पिता स्व. सर्वासूची मालाकार ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में पखांजुर तहसील में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ हूं। अपने पूरे परिवार वालो के साथ 1 अक्टूबर की शाम साढ़े 7 बजें छट्टी कार्यक्रम में ग्राम पीव्ही 13 श्यामनगर गया था। कार्यक्रम के बाद ग्राम ऐसेबेड़ा मथुराबाजार, कापसी, पखांजुर दुर्गापूजा देखने गया था। पूजा देखकर लगभग 11 बजे घर वापिस आए तब देखा कि घर के बाहर के मेन दरवाजा का कुण्डी टुटा एवं खुला हुआ था। दरवाजा में लगाया ताला नहीं था। घर अंदर जाकर देखे तो तीन कमरा के आलमारियों का दरवाजा खुला व सामान बिखरा हुआ था। आलमारी के अंदर देखे तो उसमें रखे बच्ची की सोने के कान की बाली 2 नग कीमत 11 हजार 400 रूपएं, सोने की बाली 1 नग कीमति लगभग 10 हजार रूपएं, सोने की अंगुठी 1 नग कीमति लगभग 5 हजार रूपएं, सोने का हार कीमति लगभग 60 हजार रूपएं, कान की बाली 3 सेट कीमति लगभग 60 हजार रूपएं, मंगल सूत्र 2 नग कीमति लगभग 15 हजार रूपएं एवं आलमारी में रखे नगदी रकम 15 हजार रूपएं कुल 1 लाख 76 हजार 400 रूपएं को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। कुछ सोने की गहने शादी में उपहार स्वरूप मिला था। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 52 के पास सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 26 सितंबर को सुबह साढ़े 7 बजें रंजन मंडल मोटर सायकल में सवार होकर घर से पीव्ही 51 की ओर जा रहा था। पीव्ही 52 जयपुर हर्षित मालाकर के घर के सामने मेन रोड मे पहुंचा था की विपरीत दिशा से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4656 के चालक विप्रो सरकार के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रंजन मंडल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घायल की ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4656 के चालक विप्रो सरकार के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

# शराब दुकान के पास युवकों में हुई मारपीट और बीयर बॉटल से हमला

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पंडरीपानी के शराब दुकान पास दो युवक ने अन्य युवक के साथ मारपीट कर उसके बाइक की चाबी को छिन लिया। मारपीट का शिकार हुआ युवक पुलिस थाना पहुंचा और दोनो आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट करने व गाली देने का शिकायत दर्ज कराया।



थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे टिकरापारा कांकेर निवासी 22 वर्षीय अभिषेक यादव पिता राजू यादव ने पुलिस को बताया कि टाईल्स लगाने का काम करता हूं और 5 अक्टूबर की रात 9 बजें मैं शासकीय मदिरा दुकान पंडरीपानी से शराब खरीद कर बाहर निकला। उसी समय शराब दुकान के पास श्रीराम नगर कांकेर निवासी रमन तलवार और बाजारपारा कांकेर निवासी सागर सोनी के द्वारा जबरदस्ती मेरे हाथ से मेरे मोटर सायकल का चाबी को छीनकर मुझे गाली देने लगे। इसके साथ ही जान से मार देंगे कहकर बीयर बाटल से हमला कर दिया। हमले से मेरे आंख के ऊपर एवं होंट में चोट आई और खून बहने लगा। मै जैसे तैसे बचकर सीधे कांकेर थाना पहुँचा, आरोपियों ने हमारे ऊपर किस कारण से हमला बोला, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। उनकी क्या नियत थी, मैं नहीं जानता।

युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रमन तलवार और सागर सोनी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# जंगल में युवक पर टंगिया से जानलेवा हमला, अज्ञात हमलावर की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अंतागढ़ थानांतर्गत नवागांव के जंगल रास्ता जाने वाले मार्ग पर अज्ञात व्यक्ति ने गांव के युवक के ऊपर टंगिया से जान लेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। टंगिया के हमले से घायल युवक वही पर तड़पता रहा। कुछ देर बाद परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंचे, तब उसे उठाकर ईलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे फुलसिंग उइके पिता समधर उइके के पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और नवागांव मेरा ससुराल है वही लमसेना रहता हूं। खाना खाने के बाद 04 अक्टूबर की रात अपने घर में लेटा था, तभी ईश्वर गावड़े की मां फगनी बाई और उसकी पत्नी सियाबती गावड़े जोर जोर से रो रो कर चिल्ला रहे थे। आवाज सुनकर घर से बाहर निकलकर देखा तभी चाची फगनी बाई और सियाबती गावड़े ने मुझे देखते ही बताए कि कुछ व्यक्तियों द्वारा ईश्वर गावड़े को जंगल की तरफ लेकर गए है। मैं टार्च लेकर दौड़ते दौड़ते जंगल की तरफ गया तो देखा कि जंगला रास्ता जगह के पास ईश्वर गावड़े चित अवस्था मे छटपटा रहा था। टार्च की रौशनी से देखा तो उसके सिर मे गंभीर चोट लगा था। ईश्वर गावड़े से पूछने पर बताया कि वह रात करीबन 8 बजे खाना खाकर हाथ धोने के लिए बाहर निकला था, तभी अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मेरे पास आकर कुछ काम है कहकर मुझे जंगल की ओर लेकर जा रहे थे। जंगल रास्ता जगह के पास उन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा धारदार टंगिया से जान से मारने की नियत से ▶▶| शेष पेज 10 पर

**मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

# दुर्गमि अंचलों के लिए बस सेवा प्रारंभ, खुशी की लहर, विधायक ने यात्रा की सुविधा जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर एवं सरगुजा संभाग के अंदरूनी व दुर्गम क्षेत्रों

- जिले की 5 रूटों में यात्रीसेवा, बसें प्रमुख संपर्क मार्गों से होते हुए दूरस्थ ब्लाकों में चलेगी

में निवासरत ग्रामीणों के आवागमन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। इसी तारतम्य में जिले में उक्त योजना का 6 अक्टूबर को कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने बस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। विधायक एवं भाजपा नेता बस में सवार होकर शहर भ्रमण करते हुए बस की सुविधाओं की जानकारी भी लिया। विधायक ने प्रदेश सरकार की इस उत्कृष्ट पहल के लिए जिलावासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस योजना से दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा में विस्तार होगा तथा उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। इससे शहरों और ग्रामों के बीच की दूरियां सिमटेंगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 10 पर





# एपीके एप्लीकेशन लोड होते ही हुआ मोबाइल हैक और 99 हजार की ठगी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर की महिला ने वाट्सएप में एपीके एप्लीकेशन का मैसेज आया और उसके खोलते ही ठगों ने मोबाईल को हैक कर लिया और महिला के खाते से ठगों ने 99 हजार 997 रूपएं खाते से उड़ा दिए। शिकायम पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके पुलिस जाँच में जुट गई है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँची भानुप्रतापपुर की बाजारपारा निवासी 46 वर्षीय रूपिंदर कौर सिद्धू पति स्व. गुरूदीप सिंह सिद्धू ने पुलिस को बताया कि 28 सितंबर को मेरे मोबाईल फोन के व्हाट्सअप मे तीन एपीके एप आया था, जिसे डाउनलोड करने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे मोबाईल फोन मे स्थित एपीके के माध्यम से मेरे व्हाटस्अप को हैक कर लिया था। मेरे को समझ में नहीं आया, उसी दिन मेरे बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता से क्रमशः तीन बार 24999 रूपएं, तीन बार 10 हजार रूपएं और एक बार 5 हजार रूपएं को कुल 99,997 रूपएं को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे खाता से निकालकर मेरे साथ धोखाधड़ी किया है। मुझे खाता से ट्रांजेक्शन होने का मैसेज आया, तब मै सायबर टोल फ्री नंबर 1930 मे कॉल करके 03 बार कम्पलेन दर्ज कराई हूं। मेरे साथ धोखाधड़ी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



राष्ट्रीय वन प्राणी संरक्षण सप्ताह वनमंडल केशकाल में वनविभाग द्वारा सोमवार को आलोर गांव के शासकीय हाईस्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता , चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# स्कूल में निबंध, चित्रकला व भाषण स्पर्धा, निकाली जागरुकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

- राष्ट्रीय वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में वन विभाग ने आलोर गांव में किए विभिन्न कार्यक्रम

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों बच्चों को पुरस्कार का वितरण किया गया। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ गांव में जागरुकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण में महत्व को समझाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देशन पर बड़ेडोंगर वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेंद्र मेश्राम की नेतृत्व में आयोजित हुए। इस दौरान फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आर एस यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीणजन , शिक्षक सहित स्कली बच्चे मौजूद रहे।



# पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल तीन निरीक्षकों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं राज्य स्थापना बोर्ड की स्वीकृति पर कोंडागांव जिले में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक, कोंडागांव वाय अक्षय कुमार द्वारा सोमवर को जारी आदेश के अनुसार जिले के तीन पुलिस निरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से कांकेर जिले में स्थानांतरण कर दिया गया है।

स्थानांतरित किए गए निरीक्षकों में संजय कुमार शिंदे – थाना प्रभारी, फरसगांव, रविशंकर ध्रुव – थाना प्रभारी, मर्दापाल और रमेश सोरी – डी.आर.जी प्रभारी, कोंडागांव शामिल है। उक्त अधिकारियों को दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को कार्यमुक्त किया गया है । वही एसपी ने एक और आदेश जारी कर दो निरीक्षकों को नवीन पदस्थापना सौंपी गई है। जिसमें निरीक्षक विकासचंद राय को नक्सल सेल से हटाकर फरसगांव थाने की कमान सौंपी गई है वही निरीक्षक राजकुमार शोरी को रक्षित केंद्र से हटाकर मर्दापाल थाना प्रभारी बनाया गया है। यह तबादला अगले आदेश तक अस्थाई रूप से लागू रहेगा । यह फेरबदल भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में किया गया है। प्रशासन का मानना है कि यह बदलाव आगामी विधानसभा चुनावों को निष्पक्ष और प्रभावी रूप से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## महापौर ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**धमतरी।** धमतरी कराते एसोसिएशन द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय ओपन कराटे टूर्नामेंट का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया। अपने उद्बोधन में श्री रोहरा ने कहा कि कराते जैसे खेल युवाओं को सशक्त बनाते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छ वातावरण ही अच्छे खिलाड़ी का निर्माण करता है।

देशप्रेम, धार्मिक एवं सामाजिक जागरुकता का दिया संदेश

# नन्हे कलाकारों ने कुरुद में निकाली मिनी झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

श्री कृष्ण मित्र मंडली गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में शनिवार शाम को मिनी झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो कि गांधी चौक से राधा कृष्ण मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान नगर की बाल प्रतिभाओं ने अपनी कला, कौशल और हुनर का प्रयोग करते हुए काफी आकर्षक ,मनमोहक और नयनाभिराम झांकी निकाली।

इन झांकियों में देशप्रेम, धार्मिक प्रसंग और सामाजिक जागरूकता से



जुड़ा संदेश प्रदर्शित हो रहा था। इन झांकियों में धुमाल और डीजे का प्रतीकात्मक रूप बनाया था जो आकर्षण का केंद्र बना रहा । इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर आयोजक समिति द्वारा बनाए गए मंच से मुख्य अतिथि बोल बम सेवा समिति और वंदे मातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने झांकियों का स्वागत करते हुए बच्चों की शानदार प्रस्तुति और प्रतिभाओं की तारीफ की। नन्हे कलाकारों के इस हुनर को देखने बड़ी संख्या में वार्ड सहित नगरवासी उपस्थित थे।







## अंचल की खबरें

### साहू समाज खिसोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने रामचरण



**मगरलोड।** साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा का चुनाव कार्यक्रम मधुबन धाम रांकाडीह में 3 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम गाड़ाडीह निवासी रामचरण साहू को अध्यक्ष पद से नवाजा गया। ग्राम बोडरा निवासी टेकराम साहू को उपाध्यक्ष, ग्राम बोडरा निवासी श्रीमति दामिनी साहू को महिला उपाध्यक्ष, ग्राम सांकरा निवासी भोजराम साहू को संगठन सचिव व ग्राम कपालफोड़ी निवासी श्रीमति दमयंतीन साहू को महिला संगठन सचिव की कमान सौंपी गई। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा के स्वजातीय लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

### भावसिंह सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष बने



**धमतरी।** सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक डोंगेश्वर धाम देवपुर में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता और संगठन को मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से भावसिंह डहरे को जिला अध्यक्ष और विजय सोनवानी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया।

### नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी : दीपक सिंह



**धमतरी।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर पोटियाडीह में मां दुर्गा आयोजन समिति द्वारा धार्मिक नाट्य मंचन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी समाज की आदर्श स्वरूप है और उसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के समय में नारी सम्मान व सुरक्षा चिंतन का विषय है। समाज को संगठित होकर अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे प्रभु श्रीराम ने शक्ति की आराधना कर रावण का वध किया, वैसे ही हमें भी मातृशक्ति के साथ मिलकर सामाजिक बुराइयों का अंत करना चाहिए। मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की कथा इस बात का प्रतीक है कि नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी है। कार्यक्रम में अमरदीप महाजन, रविंद्र बंजारे, जतिन देवांगन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेमरा बी में रामलीला मंचन के साथ किया रावण का दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम सेमरा (भखारा) में विजयदशमी पर्व भारी बारिश के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाल-लीला मंडली एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा दूसरे साल भी श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण का डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही। जिसके बाद कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर करीब 11 फीट रावण के पुतले का बारिश के बीच दहन किया।

ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा (भखारा) में गुरुवार को को विजयदशमी पर्व



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दुर्गा विसर्जन के पश्चात ठाकुर चौक से श्रीराम सेना और लंकापति राक्षक राज रावण के 11 फिट बने चलित पुतला और उसके सेना का शोभायात्रा डीजे के साथ निकाली गई। रावण का पुतला को पैदल चलाते हुए गांव के कुम्हारपारा, शीतला चौक होते हुए बस स्टैंड चौक रंगमंच पहुंचे। जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंच पर बतौर अतिथि जनपद सदस्य बनीता सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य मोतीलाल सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, उपसरपंच दीपक चक्रधारी, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, सचिव ख़ूबलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिन्हा, पूर्व सचिव प्रमोद सिन्हा, लीला मंडली के अध्यक्ष अध्यक्ष माधवराम साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, धनसिंह सेन, पं. विजयशंकर शर्मा, नरोत्तम सिन्हा आदि ने मुकुट पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात जनपद सदस्य बनीता सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, राजेश सिन्हा ने विजयदशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रामलीला में रावण का दहन करने का मतलब बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें अपने मन के अंदर व्याप्त बुराईयां रूपी रावण का अंत कर गांव, समाज में सत्य की राह पर चलकर आपसी भाईचारे की भावना स्थापित करना सीखाता है। ताकि हमारा गांव आदर्श ग्राम बन सके। रामलीला मंडली को प्रोत्साहित करने जनपद सदस्य बनीता सिन्हा ने 20 हजार रुपये देने की घोषणा की। मंच संचालन मोती विश्वकर्मा ने किया। तत्पश्चात बाल लीला मंडली के कलाकार नरेंद्रदास मानिकपुरी, विजयशंकर शर्मा, माधवराम साहू, मिथलेश सार्वा, व्यासनारायण साहू, चोवाराम साहू, कमलेश साहू, महेशु साहू, शिव चक्रधारी, देवेंद्र साहू, खेलन, हर्षकुमार सिन्हा, देवांशी, कल्पना आदि ने रामलीला का शानदार मंचन कर बरसते पानी में 11 फीट रावण का दहन किया। संगीत में भानूराम सार्वा, बुधराम ध्रुव, खेलन साहू, हुमेन्द्र सिन्हा, डोमार साहू, पुनीत साहू आदि ने विशेष सहयोग किया। जिसे देखने सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। रावण वध पश्चात सभी ने एक-दूसरें रैनी भेंट कर बधाई दी।

# दंतेवाड़ा की घटना पर फूटा आक्रोश दोषियों को फांसी देने की मांग मांग



**पखांजुर।** दंतेवाड़ा जिले के कुंदेली क्षेत्र में दंतेवाड़ा से लौट रही महिला के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या की हृदय विदारक घटना ने न केवल बस्तर संभाग को झकझोर दिया है, बल्कि पूरे समाज में गहरे आक्रोश की लहर फैला दी है। इस अमानवीय कृत्य को लेकर आदिवासी छात्र युवा संगठन ने कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के लिए तत्काल और कठोरतम सजा की मांग की है। आदिवासी छात्र युवा संगठन की प्रदेश महामंत्री गीता दुग्गा ने इस घटना पर तीखा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह वारदात बस्तर की परंपरागत आदिवासी संस्कृति, मानवता और सामाजिक मर्यादा पर किया गया एक गहरा आघात है। गीता दुग्गा ने चेतावनी दी, अगर ऐसे ही हालात रहे तो आदिवासी महिलाओं का जंगल जाना बंद हो जाएगा। स्पष्ट किया कि महिलाओं के साथ इस तरह की दरिंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपियों को तत्काल दोषियों को गिरफ्तार करे और फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मुकदमे की सुनवाई कराकर फांसी की सजा सुनिश्चित करे। समाज में कानून का सम्मान और अपराधियों में भय तभी बनेगा, जब ऐसे कृत्यों के लिए कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। पुलिस ने शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया, तो आदिवासी छात्र युवा संगठन सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगा। संगठन ने पीड़िता के परिवार के लिए भी तत्काल सहायता की मांग किया है। संगठन ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समाज में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी मांग किया है।

# अनियमित बारिश से हरी सब्जियों की फसल तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंचल में बीते कुछ दिनो से हो रही अनियमित बारिश से किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है। बाड़ियों में लगे टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला, कद्दु, बरबटी, ग्वारफली जैसे फसलें जलभराव से झड़ गई हैं। कई किसानों ने 5 से 6 एकड़ में सब्जी की फसल लगाई थी। जो दशहरा दीवाली में अच्छा लाभ देने की उम्मीद थी। कृषक भोलाराम साहू, बलदेव निषाद ने बताया कि बारिश ने उनकी बाड़ी की फसल चौपट कर दी है। पौधे गल गए है। फलियां खराब हो गई है। जिससे बाजार में रेट कम मिल रहा है। अच्छी सब्जियों की मांग बढ़ गई इसलिए रेट बढ़ा है।

शहर के इतवारी बाजार में सब्जी बेच रहे पसरा व्यवसायी अधनतीनबाई पटेल, चेतन पटेल ने बताया कि रविवार को आवक कम होने से सब्जियों के दाम 10 से 20 रुपए किलो बढ़ गए। कुछ सब्जियां 80 से 100 रुपए किलो तक पहुंच गए। उन्होंने बताया कि रविवार को मुनगा, हराधनिया 200 रुपए किलो रहा। बिंस, खेखसी 150 रुपए किलो बिका। ढेंस, प्याजभाजी 100 रुपए किलो रहा। गोभी, शिमला, परवल, कटहल 80 रुपए किलो बिका।

# रजत जयंती वर्ष में कौशल विकास विभाग का विशेष सप्ताह 12 तक

**कांकेर।** राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के निर्देशानुसार 6 से 12 अक्टूबर तक विशेष कौशल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर एवं अंतागढ़ में संचालित होगा, जिसमें जिले के सभी वीटीपी, प्रशिक्षण संस्थान एवं आईटीआई सक्रिय रूप से भाग लेंगे। सप्ताह भर चलने वाले इस विशेष आयोजन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें शिक्षित हितग्राहियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह कौशल पखवाड़ा में 14 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा कौशल योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसी तरह उद्यमिता एवं लोन से संबंधित कार्यशाला एवं रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं, ऋण सुविधा एवं सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। साथ ही इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसी तरह उद्योग विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ युवाओं को करियर एवं कौशल विकास के मार्गदर्शन देंगे। युवाओं का कौशल प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। अंतरविभागीय संगोष्ठी आयोजित कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वय एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में जिला रोजगार कार्यालय, खादी ग्रामोद्योग, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित जिले एवं राज्य के विभिन्न नियोक्ताओं की सहभागिता रहेगी। नियोक्ताओं से रिक्तियों की जानकारी प्राप्त कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

# सेमरा में जोत-जंवारा व दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन सेमरा (भखारा)के शीतला माता एवं दुर्गा पंडालों में बोए गए ज्योत जंवारा तथा समितियों द्वारा स्थापित माँ दुर्गा प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। गुरुवार को परंपरानुसार ग्राम सेमरा (भखारा) में क्वांर नवरात्र पर शीतला माता में ज्योत-जंवारा का मां के भक्तों ने जसगीत मंडलियों व डीजे के साथ नाचते-गाते धूम-धाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान जोत-जंवारा एवं मां अम्बे का दर्शन करने गांव के श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



ग्राम सेमरा(बी) की आराध्य देवी माता शीतला में ग्रामवासियों ने जोत जला जंवारा बोया था। जिसका अष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात बुधवार को विसर्जन यात्रा निकाली गई। जोत-जंवारा के आगे-आगे सेवा मंडलियों द्वारा जसगीत का गान करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। वहीं कई महिला एवं पुरूषों पर देवी-देवता विराजने से वे झूमते रहे। जिसे देखने भीड़ उमड़ी और पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ जगह-जगह स्वागत व पूजा-अर्चना कर तालाब में जंवारा विसर्जित किया गया।



## पेज 9 के शेष

### जंगल में युवक...

प्राणघातक हमला कर मेरे सिर पर चोट पहुंचाया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्गम अंचलों के...

इसके तहत वर्तमान में जिले में कुल 05 रूटों में यात्री बसें प्रमुख संपर्क मार्गों से होते हुए दूरस्थ विकासखण्डों में चलेंगी। वर्तमान में 05 विभिन्न रूटों में बस संचालित होगी। प्रथम रूट में चारामा से आमाबेड़ा (व्हाया चांवड़ी, बड़कछार, लिलेझर, जामबाहरा, बागडोंगरी, पोटगांव, कोदागांव, कुरिष्टिकुर, साल्हेभाट, तुलसी, खड़कागांव, बेलोदी तथा सुकलापा) के बीच बस चलाई जाएगी। इसी तरह कोरर से डौंडी (व्हाया किशनपुरी, सेलेगांव, भोथा, पुरी, आमाडुला, चिहरी, मंगलतराई, बेलोदा, परसोदा, भर्रीटोला) के मध्य बस संचालित की जाएगी। इसके अलावा कांकेर से अंतागढ़ रूट में मर्दापोटी, मलांजकुडूम, गुमझीर, उसेली, नीलझर और बाड़ेजोरी मार्ग में बस चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोयलीबेड़ा से आलपरस के बीच ग्राम मरकानार, केसेकोड़ी, डुडरा, गुड़ाबेड़ा, चिलपरस, पानीडोबीर मार्ग पर बस संचालित होगी। जिला परिवहन अधिकारी एवं योजना के नोडल अधिकारी बताया कि भविष्य में 07 अन्य रूटों पर भी बसें संचालित करने की योजना है, जो शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि दूरदराज ईलाके के ग्रामीण जनता को बेहद लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नपा उपाध्यक्ष उत्तम साहू, उगेश्वरी उइके, मंजू सारथी, नरहरपुर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम, नंदू ओझा, गिरधर यादव, तनुज ठाकुर, जतिन अटभैया, मोंटी खटवानी, जिला परिवहन अधिकारी ऋषभ नायडू एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तहसील साहू संघ का हुआ निर्वाचन, वैभव बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छग प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार एवं जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में आज

- 2 कार्यकाल सम्पन्न करने के लिए शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया



तहसील साहू संघ दंतेवाड़ा का निर्वाचन कार्य सम्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्य के प्रारंभ में विगत 2 कार्यकाल से अध्यक्ष की बागडोर सम्हाल रहे नरेंद्र साहू ने अपनी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की, इसके पश्चात जिले से नियुक्त पर्यवेक्षक दिनेश साहू एवं पुहुप साहू के नेतृत्व एवं जिला उपाध्यक्ष ढाल साहू, जिला महासचिव ओम साहू, राम गुलाल साहू, देवेंद्र साहू सहित अन्य की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य सम्पन्न हुआ। इस निर्वाचन में निर्विरोध रूप से तहसील अध्यक्ष वैभव चंदन, उपाध्यक्ष नोहर साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सार्वा, संगठन सचिव कृष्ण कुमार साहू एवं संगठन सचिव के पद पर अनिता साहू चुने गए। इसके पश्चात सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात जिला पदाधिकारियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मीठा खिलाकर नवीन कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की। सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सर्व प्रथम पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र साहू के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों एवं सफलतापूर्वक 2 कार्यकाल सम्पन्न करने के लिए साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, जिला पदाधिकारियों एवं निर्वाचन पर्यवेक्षको के सम्मान में साल श्रीफल प्रदान किया है, तत्पश्चात भोजन ग्रहण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## खबर संक्षेप

### गुल्लापेंटा में घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल



**बीजापुर।** जिले के ग्राम गुल्लापेंटा में लंबे समय से 122 परिवारों की जल आपूर्ति की जिम्मेदारी गांव में संचालित 32 हैंडपंपों पर टिका हुआ था। ग्रामीणों को रोज़ाना पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था और गर्मियों के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेता था। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की भारी खपत होती थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से गुल्लापेंटा गांव में फिल्टर युक्त शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है।
गांव के रहवासियों ने इस बदलाव को खुले दिल से स्वीकार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें रोज-रोज पानी के लिए जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती। खासकर महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, जो पहले घंटों पानी लाने में बिताती थीं। अब वे अपने समय का उपयोग अन्य कार्यों में कर पा रहे हैं।
ग्रामवासियों ने केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में न केवल शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

## निधन

### आयचुकी देवी टाटिया

**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित एवं ओसवाल जैन समाज की सुश्राविका आयचुकी देवी टाटिया



धर्मसहायिका खीवराज टाटिया 78 वर्ष का आज दोपहर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को प्रातः 9 बजे निवास स्थान प्रतापगंज स्थित लुंकड़ टेक्स के पास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह जोगराज, राकेश कुमार एवं मुकेश कुमार टाटिया की माता, पृथ्वीराज एवं गणेश कुमार की चाची, पुखराज, दीपचंद एवं भंवरलाल बोथरा की बहन थीं।

# पलवा में 30 लाख की लागत के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलवा में सोमवार को लगभग 30 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों एवं एक पानी टैंकर का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ।

- तोकापाल ब्लॉक के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा कार्य



इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया उनमें शामिल हैं सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, सीसी रोड 200 मीटर 6.54 लाख, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण 5.00 लाख, उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण 12.40 लाख, पानी टेंकर वितरण 1.25 लाख। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम की संचार व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम कोटवार को माइक सेट का वितरण भी किया गया। यह पहल ग्राम स्तर पर सूचना के प्रचार-प्रसार और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित संचार व्यवस्था हेतु सहायक सिद्ध होगी। विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत पलवा सहित पूरे तोकापाल ब्लॉक के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी योजनाएं लाकर क्षेत्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। कार्यक्रम इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मिटकु राम बघेल, सरपंच विजय कश्यप, केशव बघेल, सोनाधर फागु कश्यप एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### समूह की महिलाएं हितग्राहियों को कर रही जागरूक



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे के निर्देशन में रजत जयंती के अवसर पर जिले में स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को जागरूक कर रही हैं। घर-घर जाकर महिलाएं योजनान्तर्गत गुणवत्ता युक्त आवास निर्माण, सामग्री की खरीदी में बरती जाने वाली सावधानियां के साथ कुशल राजमिस्त्री की उपलब्धता की जानकारी लाभार्थियों को साझा कर रही हैं। इस आवास रैली का मुख्य उदेश्य जागरूकता बढ़ाने के साथ ही अपूर्ण, अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों के आवास निर्माण हेतु प्रेरित करना है। रैली में पंचायत प्रतिनिधि के अलावा जमीनी अमले भी शामिल होकर आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कर रहे हैं।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह के नाम पर बेरोजगारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर और सुकमा जिले में सीआरपीएफ रिक्त पदों पर चल हो रही भर्ती में पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों को अनदेखी किये जाने से आज, युवाओं नें कलेक्टर को केंद्रीय गृह

- पिछड़ा वर्ग युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में दिया जाए मौका

मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। गृह मंत्रालय कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक सेक्टर के पुलिस बल सीआरपीएफ नया रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ में महिला-पुरुष सहित करीब 300 रिक्त पदों पर बीजापुर और सुकमा जिले में रिक्त पदों की पूर्ति के लिये आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को दरकिनार किया गया है बस्तर संभाग के समस्त जिलों में पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों में जमकर रोष है जिसे खुद को वह छला हुआ महसूस कर रहे है। आज भारी संख्या में पिछड़ा वर्ग बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर संबित मिश्रा को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर चल रही सीआरपी भर्ती में पिछड़ा वर्ग युवाओं को भी लेने की मांग की है।

# मतदान केन्द्रों की सूची प्रदाय करने के संबंध में हुई बैठक



**दंतेवाड़ा।** मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत दन्तेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-दन्तेवाड़ा अजजा के अंतर्गत 11 नये मतदान केन्द्र, 1 भवन परिवर्तन, 1 स्थल परिवर्तन, 5 अनुभाग स्थानांतरण एवं 1 अनुभाग नाम परिवर्तन प्रस्ताव मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की सहमति उपरांत आयोग को प्रेषित की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया है। अनुमोदन पश्चात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-दंतेवाड़ा अजजा के 284 मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन 6 अक्टूबर को जिला निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, दंतेवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंतेवाड़ा, गीदम, बड़ेबचेली, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, जनपद पंचायतों, नगरपालिकाओं के कार्यालय में कर लिया गया है। 6 अक्टूबर को मतदान केन्द्रों के प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों का बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को को निःशुल्क मतदान केन्द्रों की सूची प्रदाय किया गया। सर्व साधारण को अवगत कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय, दंतेवाड़ा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दन्तेवाड़ा, गीदम, बड़ेबचेली, तहसील कार्यालय, दन्तेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोण्डा, बड़ेबचेली, बारसूर, जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर एवं जिले के वेबसाईड पर मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

### ओबीसी आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा इसलिए 27 प्रतिशत आरक्षण जरूरी है : यदु

**घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण आज तक लागू नहीं हो पाई है जबकि पूर्व सरकार ने अध्यादेश ला कर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रयास किया पर अभी तक राज्यपाल के पास फाईल पड़ी



हुई है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है 15 दिवस के अन्दर निर्णय लिया जाये। लेकिन ऐसा नही हो पाया है। जिससे ओबीसी वर्ग को नुक्सान हो रहा है। राज्य सरकार को 27 प्रतिशत आरक्षण संशोधन विधेयक राज्यपाल से हस्ताक्षर करवा कर जल्द लागू करे। कई अन्य राज्यों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू है। ओबीसी वर्ग शिक्षा एवं आर्थिक स्थिति कमजोर है। उनके आर्थिक उन्नति के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण जल्द लागू होना चाहिए। ओबीसी वर्ग स्वर्ण को मिलने वाले लाभ का कभी विरोध नही किया पर उन्हीं लोगों के द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण का विरोध किया जा रहा है, जो निंदनीय है। ओबीसी को हक अधिकार मिलना चाहिए, वर्तमान सरकार ओबीसी वर्ग के साथ न्याय कर जनभागीदारी सुनिश्चित करें। ओबीसी समाज के बल पर ही सरकार बनती है और ओबीसी वर्ग को ही उपेक्षित है।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता पर विशेष जोर देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और अब तक की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बरसात के कारण कार्यों की गति धीमी रही है, किंतु अब मौसम अनुकूल है, अतः कार्यों में तेजी लाकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम में जलापूर्ति योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए और जहां तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें हैं, उन्हें तत्काल दूर किया जाए। कलेक्टर ने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिन ग्रामों में हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण हो चुका है, वहां योजना के संचालन और रखरखाव के लिए ग्रामीण स्तर पर हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जाए । कलेक्टर ने कहा कि उचित प्रशिक्षण प्रदान कर स्थानीय स्तर पर योजना के सतत संचालन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, ताकि पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसआर नेताम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता राहुल नाग, एवं विद्युत विभाग के सहायक अभियंता योगेश कुमार देवांगन, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, क्रेडा विभाग के अधिकारी सहित जिला जल स्वच्छता मिशन के सदस्यगण एवं विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी ग्रामीण परिवारों तक शुद्ध पेयजल की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके।

### अघोर गुरुपीठ बनोरा आश्रम पहुंचे विधायक



**घाटलोहंगा।** रायगढ़ जिले के बनोरा ग्राम स्थित प्रसिद्ध अघोर गुरुपीठ बनोरा आश्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं संगठन सृजन अभियान प्रभारी सीताराम लांबा ने पहुंचकर बाबा प्रियदर्शी राम से आशीर्वाद प्राप्त किया यह आश्रम अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम के शिष्य बाबा प्रियदर्शी राम जी द्वारा स्थापित किया गया है जो आध्यात्मिक साधना और जनकल्याण के केंद्र के रूप में जाना जाता है। आश्रम पहुंचने पर दोनों अतिथियों का स्वागत आश्रम प्रबंधन समिति एवं उपस्थित भक्तों द्वारा पारंपरिक विधि से किया गया विधायक बघेल एवं लांबा ने आश्रम परिसर का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की जानकारी ली।

# उपाध्यक्ष ने वार्डों में स्वच्छता अभियान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर के प्रत्येक वार्डों की साफ-सफाई प्रतिदिन किया जा रहा है।

इसी तारतरम्य में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनिल परिहार ने नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर नालियों एवं गलियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



किया और स्वच्छता के प्रति कर्मचारियों को सजग रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर नागरिकों से संवाद स्थापित कर स्वच्छता के महत्व को भी जानकारी उनके द्वारा दी गई। उनका यह प्रयास नगरवासियों में स्वच्छता के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार कर रहा है। उन्होंने स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इस दौरान वार्ड पार्षद लखबती मौर्य नगर पंचायत बस्तर के कर्मचारी जगतार साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की संयुक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण, टीकाकरण और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महापौर संजय पांडे ने स्ट्रे सेफ फाउंडेशन के डॉग

- महापौर ने डॉग शेल्टर का दौरा कर की चर्चा



शेल्टर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्था के सदस्यों के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों की संख्या, उनके टीकाकरण, देखभाल और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्था ने नगर निगम से एक उपयुक्त भूमि आबंटन की मांग की है जहां एक समर्पित डॉग शेल्टर का निर्माण कर नसबंदी और टीकाकरण की परियोजनाओं को नियमित रूप से संचालित किया जा सके।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना, रेबीज जैसी संक्रामक बीमारियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और पशुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ आश्रय प्रदान करना है। महापौर ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए नगर निगम की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही जल्द ही एक छोटे स्तर के डॉग शेल्टर के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में स्ट्रे सेफ फाउंडेशन के सदस्य लुप्तेश जगत, सौरभ अल्लूवालिया, नीरव मोतीवाला, आकाश यादव, राहुल पांडे और शिवांगी सिंह उपस्थित रहे।

# बस्तर लोकोत्सव में बॉलीवुड थीम की एंट्री गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा व शारदीय नवरात्र के दौरान आयोजित दुगोत्सव के दौरान अश्लील व फूहड़ता फैलाने पर सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने आपत्ति दर्ज करवाते आयोजन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। सक्षम अध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर ने



कहा कि बस्तर दशहरा में माईं दंतेश्वरी की आराधना में कई तरह की जात्राएं होती है। जनजाति समूह अपनी परंपरा का निर्वहन बीते 600 सालों से करता आ रहा है। इसी बस्तर दशहरे के दौरान प्रशासन ने लालबाग में आयोजित बस्तर लोकोत्सव व स्वदेशी मेले में इस साल बॉलीवुड थीम को भी शामिल कर दिया है। रविवार की देर रात पार्श्वगायिका रूपाली जग्गा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। आध्यात्मिक मेले में ऐसी फूहड़ता परोसने की परंपरा सर्वथा अनुचित है। गायिका द्वारा गानों का चयन भी सभ्य रूप से नहीं किया गया और उन्होंने फूहड़ गीतों की प्रस्तुति दी। जिला पंचायत के इस आयोजन को लेकर कोई भी गाइडलाइन गायिका रूपाली जग्गा को नहीं दी गई, जबकि इस आयोजन का नाम बस्तर दशहरा पर्व के तहत रखा गया है। कुणाल ने कहा कि इस पर्व में भक्ति संगीत और बस्तर लोकोत्सव के तहत स्थानीय लोकगीत व लोकनृत्यों को जगह दी जानी चाहिए थी।

# बैलाडीला आयरन और माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स नो ड्रोन जोन घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स द्वार में बैलाडीला आयरन ओर माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में स्थित है जो राष्ट्रीय महत्व का खनन क्षेत्र है। यह क्षेत्र माओवाद नक्सलवाद प्रभावित एलडब्ल्यूई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहाँ सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरे एवं अवांछित गतिविधियों की संभावना बनी रहती है। बिना अनुमति ड्रोन का संचालन उक्त क्षेत्र में सुरक्षा उल्लंघन एवं अवैध निगरानी अथवा अन्य असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकता है। भारतीय सुरक्षा संहिता-2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं स्थानीय पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों से परामर्श उपरांत अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा यह घोषित किया गया है कि बैलाडीला आयरन ओर माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स एवं इसके आस-पास का क्षेत्र नो ड्रोन जोन घोषित किया है। इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व लिखित अनुमति जिला दण्डाधिकारी अथवा सक्षम सुरक्षा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना इस क्षेत्र में किसी प्रकार के ड्रोन मानव रहित विमान का संचालन नहीं करेगा। अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनाधिकृत ड्रोन गतिविधि दण्डनीय अपराध मानी जाएगी एवं संबंधित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगली आदेश तक प्रभावी रहेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बरगांव में स्वच्छता अभियान चलाया

**दुर्गुकोंदल।** बरगांव में स्वच्छता अभियान के तहत गांव के मुख्य रास्तों, गलियों, तालाबों और नालियों की सामूहिक सफाई किया गया। अभियान के दौरान ग्राम पटेल सरोज मंडावी ने ग्रामीणों को अपने घरों और आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया। अपने गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। यह अभियान न केवल हमारे गांव को साफ-सुथरा रखेगा, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

## निधन

### गोपीचंद राना



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सुरुंगदोह निवासी 21 वर्षीय गोपीचंद राना का निधन 6 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना में हो गया। उनका अंतिम संस्कार निवास स्थान सुरुंगदोह में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहें।

### लक्ष्मी दुग्गा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम दियागांव निवासी 48 वर्षीय लक्ष्मी दुग्गा पति सेवालाल दुग्गा का बीती रात को इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर गृह ग्राम दियागांव में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे कुमारी गीतू दुग्गा व्यापारी कल्याण संघ की सदस्य एवं सिलाई सेंटर की संचालिका कि माता थी।

### यशोदा टोहलिया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सोनादई निवासी 42 वर्षीय यशोदा टोहलिया का निधन हो गया। वें कुछ दिनों से अस्वस्थ थे, जिनका रायपुर में इलाज चल रहा था। वे पूर्व में ग्राम पंचायत लोहत्तर के वार्ड पंच रह चुके है। अंतिम संस्कार निवास स्थान सोनादई में किया गया, जिसमें ग्रामवासी एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार ने बालिकाओं से किया संवाद

# बालिका पीएमटी छात्रावास का विधिक सलाहकार ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश कुमार उइके ने पोस्ट मैट्रिक बालिका पीएमटी छात्रावास का औचक जायजा रविवार 5 अक्टूबर को लिया, वहीं छात्रों से संवाद किया जिसमें छात्राओं ने पानी, बिजली और जर्जर भवन की समस्या से अवगत कराया। उन्होने कहा कि इन समस्याओं के बारे में सरकार को आयोग के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश कुमार उइके 5 अक्टूबर की सुबह लगभग 9 बजे के आसपास बिना किसी को जानकारी दिए औचक पोस्ट मैट्रिक बालिका पीएमटी छात्रावास पहुँचे। खाना बनाने वाली माताओं को बुलाया और अधीक्षिका के बारे में जानकारी लिया, उन्होने बताया कि दो जगह के प्रभार में होने के चलते दूसरे छात्रावास में है। उसके उपरांत माताओं के माध्यम से छात्रों को बुलाया गया और छात्रों से पूर्व न्यायाधीश ने कई विषयों पर संवाद किया। अंत में छात्राओं ने छात्रावास की समस्याओं से भी अवगत कराया और बताया कि यहाँ की सबसे बड़ी समस्या बिजली और पानी की है। इसके अलावा मुख्य भवन जर्जर हो चुका है, छतों से प्लास्टर भी गिरने लगा है। इसके अलावा सुरक्षा के नाम पर महिला नगर सैनिक की ड्यूटी रहती है, परंतु उस समय एक भी महिला नगर सैनिक ड्यूटी पर नहीं थी। यह बताया गया कि रात को रहने वाली महिला नगर सैनिक सुबह चले जाते है और दूसरी टीम सुबह 10 बजे आती है, वैसे एक टीम के जाने के बाद दूसरी टीम आने के बाद ही पहली टीम को जाना है, जबकि इसका पालन नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष ईश्वर कावड़े, गोंडवाना समाज के सलाहकार भूपेंद्र दर्रो और गोंडवाना गौंड महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री विकेश कुमार हिचामी भी उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त से इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया, इस पर उन्होने बताया कि भवन मरम्मत के लिए 10 लाख रूपएं स्वीकृत हो चुका है। बारिश के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह ईलाका ड्राई होने के कारण कई बार बोर खनन करवाया जा चुका है। नगरपालिका के माध्यम से प्रयास किया जाएगा। बिजली की समस्या अभी तक हमारे सामने नहीं आई है, संज्ञान में आया है, जल्द इसका भी निराकरण किया जाएगा।

# पीएम सूर्य घर योजना में बैंक की लापरवाही से नहीं मिल रहा हितग्राहियों को इसका लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



- पिछले चार महीने से शाखा प्रबंधक के नहीं होने से बैंक के कार्य प्रभावित

ब्लाक अंतागढ़ के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक में पिछले तीन-चार महीने से शाखा प्रबंधक के नहीं होने से बैंक के बहुत से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नए खाता खुलवाने से लेकर लोन स्वीकृति जैसे कार्यों के लिए उपभोक्ताओं को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है । स्थानीय लोगों के अलावा दूरदराज आए ग्रामीणों को शाखा प्रबंधक के ना होने से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान मे केंद्र व राज्य सरकार की सबसे महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर के लिए लोगों ने आवेदन तो कर रहे हैं, लेकिन शाखा प्रबंधक के ना होने से इस योजना के लाभ लेने से लोग वंचित हो रहे हैं वहीं इस योजना के आवदेन लेने के लिए बैंक में जिन्हे नियुक्त किया गया है उनके पास आवेदन जमा करने जाने पर स्टाफ की कमी बताकर वापस लौटा दिया जाता है इससे क्षेत्र के लोगों मे बैंक के प्रति आक्रोश पनप रहा है । नगर के हितग्राहियों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का आवेदन कर्मचारी ना होने से पिछले दो माह से लंबित पड़ा हुआ है जबकि पीएम सूर्यघर शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें लापरवाही न हो। शासन की ओर से संबंधित बैंको को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि योजना के तहत आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के साथ लेते हुए आवेदनों को लंबित न रखा जाए। इस सबंध में स्टेट बैंक में पदस्थ सहायक मैनेजर चंद्रकुमार सुंडी ने बताया कि यहां पर स्टाफ की कमी है पूर्व ब्रांच मैनेजर के मई में तबादला होने के बाद से अभी तक नये ब्रांच मैनेजर नहीं आए जबकी रायपुर से नए ब्रांच मैनेजर प्रदीप बंजारे का तबादला अंतागढ़ शाखा में हुआ है।

# अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर के 33 मतदान केंद्रों का किया युक्तियुक्तकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विस क्षेत्र अंतागढ़ के 15, भानुप्रतापपुर के 4 और कांकेर के 14 केंद्रों के युक्तियुक्तकरण से बूथों की संख्या हुई 767

मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के तहत जिले के कुल 33 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसके अनुमोदन एवं स्वीकृति प्रदान की गई है। आयोग द्वारा अनुमोदित 33 मतदान केन्द्रों का अंतिम प्रकाशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा किया गया है। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-79 अंतागढ़ (अजजा) के 15 नवीन मतदान केन्द्र, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के 4 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81 कांकेर (अजजा) से 14 नवीन मतदान केन्द्र बनाने के लिए प्रस्ताव का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन एवं स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़कर 767 हो गई है, जिसके अनुसार अंतागढ़ में 236 मतदान केन्द्र, भानुप्रतापपुर में 270 और कांकेर में 261 मतदान केन्द्र सम्मिलित हैं। मिली जानकारी अनुसार 79 अंतागढ़ के तहत 2 राधानगर में पूर्व माध्यमिक शाला राधानगर पीव्ही 47, 18 पीव्ही 19 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पीव्ही 19, 26 पीव्ही 36 नवीनपल्ली में प्राथमिक शाला पीव्ही 36 नवीनपल्ली, 49 पखांजुर रविन्द्रपल्ली में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शा. अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला पीव्ही116 कक्ष क्रमांक 2, 76-शंकर नगर में प्राथमिक शाला पीव्ही 84 शंकर नगर, 78- नेताजी नगर में प्राथमिक शाला पीव्ही 86, 80-पीव्ही 103 आशुतोष नगर में प्राथमिक शाला पीव्ही 103 आशुतोष नगर, 100 वनश्री नगर में प्राथमिक शाला वनश्री नगर, 115 मदले में प्राथमिक शाला मदले, 134 धरमपुर में माध्यमिक शाला पीव्ही 92, 138- उलिया में माध्यमिक शाला उलिया, 141 जोनावार में प्राथमिक शाला रोड़पारा जोनावार, 169 कोलर-2 में माध्यमिक शाला देहारीपारा कोलर, 196 ईराबोड़ी में प्राथमिक शाला ईराबोड़ी, 236 देवगांव में प्राथमिक शाला देवगांव में युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसी तरह 80 भानुप्रतापपुर (अजजा) अंतर्गत 89 भानुप्रतापपुर 8 में जनपद प्राथमिक शाला कक्ष क्रमांक 02, 108 नारायणपुर में माध्यमिक शाला नारायणपुर, 110 कन्हारगांव 2 में बालक आश्रम कन्हारगांव, 214 चारामा 10 में शा कन्या उमाशाला चारामा कक्ष क्रमांक 2 शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81-कांकेर (अजजा) अंतर्गत 6-तालाकुर्रा में माध्यमिक शाला तालाकुर्रा, 8-दबेना (बाबू) 2 में माध्यमिक शाला बाबूदबेना, 22-मरकाटोला (फत्तेचंद) 2 में प्राथमिक शाला मरकाटोला (फत्तेचंद), 64-कांकेर उदयनगर में शासकीय महिला औद्योगिक संस्थान उदयनगर कांकेर, 116-सिंगारभाट 3 में हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, 132-सरंगपाल 2 में माध्यमिक शाला सरंगपाल, 134-माटवाड़ा मोदी में प्राथमिक शाला माटवाड़ा मोदी, 138-हाटकांगेरा 2 में प्राथमिक शाला आवासपारा हाटकोंगेरा, 154-डुमरपानी 2 में माध्यमिक शाला डुमरपानी, 158-देवीनवागांव 2 में प्राथमिक शाला देवीनवागांव कक्ष क्रमांक 2, 166-नरहरपुर 4 में पूर्व माध्यमिक शाला भवन नरहरपुर, 212-धनेसरा 2 में प्राथमिक शाला हटवारापारा धनेसरा, 235-गट्टागुडूम में माध्यमिक शाला गट्टागुडूम और 256-मांडाभर्री 2 में माध्यमिक शाला मांडाभर्री कक्ष क्रमांक 2 में युक्तियुक्तकरण किया गया है। इस प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 33 नवीन मतदान केन्द्रों के अनुमोदन उपरांत जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 734 से बढ़कर कुल 767 हो गई है।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में मुख्यमंत्री प्रवास की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- 17 अक्टूबर को स्थापना दिवस में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि



सर्व पिछड़ा वर्ग समाज छत्तीसगढ़ की बैठक रविवार को भानुप्रतापपुर स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने की।

बैठक में आगामी 13 वाँ स्थापना दिवस समारोह पर विस्तार से चर्चा किया गया। यह आयोजन 17 अक्टूबर शुक्रवार को हाई स्कूल मैदान भानुप्रतापपुर में आयोजित होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने कहा कि सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की स्थापना वर्ष 2013 में हुई थी और पहली बार प्रदेश के मुखिया इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर शामिल हो रहे हैं। समाज की एकजुटता दिखाने के लिए प्रत्येक परिवार से दो लोगों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ ने कहा कि सभी जिलों से लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होना चाहिए, ताकि समाज का वास्तविक शक्ति प्रदर्शन हो सके। साथ ही उन्होंने हर वर्ष स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने आव्हान किया। आयोजित बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रत्येक गांव में बैठकें आयोजित की जाएगी और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार होगा और युवाओं, महिलाओं व कर्मचारी प्रकोष्ठ की टीमों का गठन कर कार्यक्रम को भव्य बनाने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर नीलकंठ शार्दुल, परमानंद साहू, संतोष साहू, अरविंद जैन, फूलचंद दीवान, देवलाल सोनवंशी, मधेश्वर जैन, गदाधर वैद्य, गुलाब बघेल, मनीष योगी, हरेश चक्रधारी, अशोक जैन, अशोक यादव, सत्कार पटेल, राजीव श्रीवास, ज्वाला प्रसाद जैन, विजय पटेल, राजकुमार साहू, अलित सिन्हा, खोमन साहू, दुर्गा प्रसाद जैन, रामेश्वर जैन, भुवनेश्वर सेन, हुकुमचंद साहू सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आस्था व एकता का प्रतीक है देव दशहरा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी में रविवार को कल्लो परिवार द्वारा परंपरागत नाग बूढ़ा देव का देव दशहरा पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। यह आयोजन परिवार और समाज की एकजुटता, परंपरा और संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना।

कार्यक्रम में नागदेव बूढ़ा देव पेनवो की विधिवत पूजा-अर्चना कर आराधना की गई। पूजा-अनुष्ठान का संचालन परिवार के शिवप्रसाद कल्लो, गायता शिवलाल कल्लो, सोमजी दुग्गा, दुलुमसिंह कल्लो, जग्गूराम कल्लो, नवल सिंह कल्लो, उमेंद्र कल्लो, नाथूराम कल्लो, रामचंद्र कल्लो, लालजी कल्लो, देवसिंह कल्लो, दीपक कल्लो, एकनाथ कल्लो, और आत्मा कल्लो सहित समस्त कल्लो परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। देव दशहरा पर्व के अवसर पर महाराष्ट्र, कांकेर, नारायणपुर, बालोद तथा अन्य जिलों एवं प्रांतों से आए कल्लो परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया और अपनी पारंपरिक नृत्य-गीत की प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## कलार समाज ने नवाखाई पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम महेंद्रपुर के कलार समाज ने 6 अक्टूबर को नवाखाई पर्व पूरे उत्साह और विधि-विधान के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने ईष्ट देव को नया चावल अर्पित कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। समाज के लोगों ने अपने घरों में दीपक जलाए और कोरिया के पत्ते में नया चावल, फूल, नारियल अर्पित कर पूजा की।सबसे पहले परिवार के मुखिया ने ईष्ट देव की पूजा की।इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने बारी-बारी से पूजा में भाग लिया। महिलाओं ने परिवार के सभी सदस्यों का तिलक लगाकर आरती की और नया चांवल से बने चिवड़ा को प्रसाद के रूप में वितरित किया। इस अवसर पर रतीराम जैन, धन्नूलाल जैन, रजेसिंह जैन, नरसिंह जैन, राजेंद्र जैन, शैलेन्द्र जैन, जलेन्द्र जैन, जितेंद्र जैन व समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सस्वर मानस प्रतियोगिता में 23 मानस मंडली ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत मोदे में त्रिदिवसीय सस्वर मानस प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को प्रभु श्री रामचंद्र के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुजा अर्चना के साथ किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 23 मानस मंडलीया अपनी प्रस्तुति दे रही है, जिसमें प्रमुख रूप से जय गंगा मानस परिवार चम्पारण रायपुर, स्वारांजली मानस एवं जगराता परिवार खुरसुल अर्जुन्दा, तुलसी की पुजा बालिका मानस परिवार धमतरी, तुलसी के बिरवा मानस परिवार नागागुंडा गरियाबंद, श्री राम के दिवाना बालिका मानस परिवार चरौदा गरियाबंद ने अपनी प्रस्तुति से श्रोता समाज को मग्न मुग्ध किया। कार्यक्रम में श्रोता समाज के लिए राम टोकरी रखी गई है। इस राम टोकरी में अपने नाम की पर्ची डालनी होती है, जिसमें जिसकी पर्ची पहले निकलेगी उसमें से 7 राम प्रेमियों को रसायन ग्रंथ प्रदान किया जाएगा।मानस गान कार्यक्रम में पूर्व सांसद मोहन मंडावी, केआर गजबल्ला, हृदय शोरी, गजेन्द्र सिंह पोटाई, मधु मंडावी , लोकेश्वर सेन , समधर नरेटी , वेद कुमार औरसा ने सिरकत किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच चन्द्रिका कांगे, समिति अध्यक्ष सीआर गावड़े , उपसरपंच सुकदेव तारम, पूर्व सरपंच सहाबती रावटे सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# सड़क-पुलिया का निर्माण जारी, आवगमन ठप, ग्राम पंचायत रावस को लोग हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के अंतर्गत अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत रावस के ग्रामीण इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकासखंड के अन्य हिस्सों में सड़क और पुल निर्माण के काम तेजी से हो रहे हैं, लेकिन रावस जैसे सीमांत और आदिवासी बहुल गांवों की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता। बारिश के मौसम में यह इलाका लगभग कटे हुए



टापू की तरह बन जाता है। ग्राम पंचायत सरपंच शिवलाल मंडावी एवं वार्ड पंच महेश यादव ने बताया कि परमू घर से रावस पटेलपारा तक जाने वाले मार्ग पर स्थित तीन नाग पुलिया बरसात के दिनों में पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। इस कारण ग्राम के लोगों का संपर्क पंचायत मुख्यालय से टूट जाता है और ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जब बारिश तेज होती है, तो पुलिया पर पानी इस कदर बहता है कि बच्चों को विद्यालय जाने, रोगियों को इलाज के लिए ले जाने और महिलाओं को बाजार या शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने में बेहद कठिनाई होती है। कई बार ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करनी पड़ती है। वार्ड पंच महेश यादव ने बताया कि रावस पंचायत का यह इलाका इतना अंदरूनी है कि यहां कोई अधिकारी या कर्मचारी नियमित दौरा नहीं करते। नतीजतन विकास कार्यों की निगरानी नहीं हो पाती और जो काम स्वीकृत होते हैं, वे भी सही ढंग से पूरे नहीं किए जाते। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे इस क्षेत्र का दौरा कर जमीनी हकीकत देखें और जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाएं। उनका कहना है हम भी इसी जिले के नागरिक हैं, हमें भी सुगम रास्ता और सुरक्षित आवागमन का अधिकार है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

